NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिंदी

Chapter : 13

Chapter Name : एक तिनका

Q1. नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को सामान्य वाक्य में बदलिए।

जैसे- एक तिनका आँख में मेरी पड़ा - मेरी आँख में एक तिनका पड़ा।

मूँठ देने लोग कपड़े की लगे - लोग कपड़े की मूँठ देने लगे।

(क) एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा - ……………………………………………

(ख) लाल होकर आँख भी दुखने लगी - ……………………………………………

(ग) ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी - ……………………………………………

(घ) जब किसी ढब से निकल तिनका गया - ……………………………………

Answer.

(क) एक दिन जब मुंडेरे पर खड़ा था |

(ख) आँख भी लाल होकर दुखने लगी |

(ग) बेचारी ऐंठ दबे पाँवों भगी |

(घ) किसी ढब से जब तिनका निकल गया |

Page : 100 , Block Name : कविता से

Q2. एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

Answer. जब कवि एक दिन घमंड में मुंडेर पर खड़ा हुआ था तो उसकी आँख में एक तिनका उड़कर गिर गया | तिनका आँख में गिरते ही कवि बेचैन हो गया, उसकी आँख भी लाल हो गयी और दुखने लगी | आँख से तिनका निकलने के लिए आसपास के लोग प्रयत्न करने लगे | जब तिनका निकल गया तो कवि को समझ आया कि घमंड नहीं करना चाहिए क्योंकि एक छोटी सी चीज़ भी हमें परेशान कर सकती हैं |

Page : 100 , Block Name : कविता से

aglasem.com

Q3. आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

Answer. घमंडी की आँख में तिनका जैसे ही गया वह बहुत बेचैन हो गया और उसकी आँख भी लाल हो गई और दुखने लगी |

Page : 100 , Block Name : कविता से

Q4. घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास लोगों ने क्या किया?

Answer. घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास लोग कपड़े की मूँठ देने लगे|

Page : 100 , Block Name : कविता से

Q5. 'एक तिनका' कविता में घमंडी को उसकी 'समझ' ने चेतावनी दी -

ऐंठता तू किसलिए इतना रहा,

एक तिनका है बहुत तेरे लिए।

इसी प्रकार की चेतावनी कबीर ने भी दी है -

तिनका कबहूँ न निंदिए, पाँव तले जो होय|

कबहूँ उड़ि आँखिन परै, पीर घनेरी होय||

· इन दोनों में क्या समानता है और क्या अंतर? लिखिए।

Answer. पहले काव्यांश में कवि ने कहा है कि हमारा घमंड तोड़ने के लिए एक तिनका ही बहुत हैं | दूसरे काव्यांश में कवि कहते है कि तिनके को छोटा समझकर पैरों के तले हम कुचल देते हैं लेकिन जब वही तिनका उड़कर हमारी आँख में गिर जाता है तब बहुत दर्द होता हैं | दोनों ही काव्यांशों में कवि ने घमंड न करने की सीख दी हैं |

Page : 100 , Block Name : कविता से

Q1. इस कविता को कवि ने 'मैं' से आरंभ किया है - 'मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ'| कवि का यह 'मैं' कविता पढ़नेवाले व्यक्ति से भी जुड़ सकता है और तब अनुभव यह होगा कि कविता पढ़नेवाला व्यक्ति अपनी बात बता रहा है | यदि कविता में 'मैं' की जगह 'वह' या कोई नाम लिख दिया जाये, तब कविता के वाक्यों में बदलाव आ जाएगा | कविता में 'मैं' के स्थान पर 'वह' या कोई नाम लिखकर वाक्यों के बदलाव को देखिए और कक्षा में पढ़कर सुनाइए |

Answer. वह घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,

एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा |

aglasem.com

आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,

एक तिनका आँख में उसकी पड़ा |

वह झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,

लाल होकर आँख भी दुखने लगी |

मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,

ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी |

जब किसी ढब से निकल तिनका गया,

तब 'समझ' ने यों उसको ताने दिए |

ऐंठता तू किसलिए इतना रहा,

एक तिनका है बहुत तेरे लिए।

छात्र कक्षा में पढ़कर सुनाए |

Page : 101 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2. नीचे दी गई पंक्तियों को ध्यान से पढ़िए -

ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी,

तब 'समझ' ने यों मुझे ताने दिए |

- इन पंक्तियों में 'ऐंठ' और 'समझ' शब्दों का प्रयोग सजीव प्राणी की भाँति हुआ है | कल्पना कीजिये, यदि 'ऐंठ' और 'समझ' किसी नाटक में दो पात्र होते तो उनका अभिनय कैसा होता?

Answer. छात्र कक्षा में नाटक की रचना स्वयं करे |

Page : 101 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3. नीचे दी गई कबीर की पंक्तियों में तिनका शब्द का प्रयोग एक से अधिक बार किया गया है | इनके अलग-अलग अर्थों की जानकारी प्राप्त करें |

उठा बबूला पेड़ का, तिनका उड़ा अकास |

तिनका-तिनका हो गया, तिनका तिनके पास ||

aglasem.com

Answer. यहाँ तिनका शब्द अलग-अलग अर्थो में प्रयुक्त हुआ है | तिनका शब्द मनुष्य के अस्तित्व के लिए, जिसका जिसके पास के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है |

Page : 101 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1 'किसी ढब से निकलना' का अर्थ है कि किसी ढंग से निकलना। 'ढब से' जैसे वाक्यांशों से आप परिचित होंगे, जैसे-धम से वाक्यांश है लेकिन ध्वनियों में समानता होने के बाद भी ढब से और धम से जैसे वाक्यांश के प्रयोग में अंतर है। 'धम से', 'छप से' इत्यादि का प्रयोग ध्वनि द्वारा क्रिया को सूचित करने के लिए किया जाता है। नीचे कुछ ध्वनि द्वारा क्रिया को सूचित करने वाले वाक्यांश और कुछ अधूरे वाक्य दिए गए हैं। उचित वाक्यांश चुनकर वाक्यों के खाली स्थान भरिए -

छप से टप से थर्र से फुर्र से सन् से

(क) मेंढक पानी में …………… से कूद गया।

(ख) नल बंद होने के बाद पानी की एक बूँद …………… चू गई।

(ग) शोर होते ही चिड़िया …………… उड़ी।

(घ) ठंडी हवा ……… गुज़री, मैं ठंड में …………… काँप गया।

Answer.

(क) छप से

(ख) टप से

(ग) फुर्र से

(घ) सन् से, थर्र से

Page : 101 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com